दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनाँक (Dated): 13.03.2023	पृष्ठ सं० (Page No). II	क्रम सं०(Serial No.) 10

औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के 54वें स्थापना दिवस समारोह में बोले शाह

आतंकवाद पर जीरो टालरेंस नीति जारी रहेगी

हैदराबाद, प्रेट्रः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि आतंकवाद पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जीरो टालरेंस नीति आने वाले समय में भी जारी रहेगी। देश के किसी भी हिस्से में अलगाववाद, आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सख्ती से निपटा जाएगा।

शाह यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के 54वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य पुलिस की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने पिछले नौ वर्ष में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। कश्मीर में हिंसा काफी कम हुई है जबकि पूर्वोत्तर व वामपंथी चरमपंथ प्रभावित इलाकों में उग्रवाद भी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने वाले लोगों की संख्या घटती जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है जब उसके हवाई अड्डे, बंदरगाह और औद्योगिक प्रतिष्ठान सुरक्षित हों। शाह ने कहा कि सीआइएसएफ के 53 साल के इतिहास से पता चलता है कि इसने देश की आर्थिक प्रगति में काफी योगदान दिया है। अगर देश की अर्थव्यवस्था को पांच हजार अरब डालर तक पहुंचाने के पीएम मोदी के लक्ष्य को हासिल करना है तो महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में सीआइएसएफ ने रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से सुरक्षा प्रोटोकाल को अभेद्य बनाया है।

शाह ने कहा, गृह मंत्रालय सीआइएसएफ को आधुनिक तकनीक से लैस करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ये बल आने वाले दशक में आधुनिक तकनीक और ड्रोन जैसे सुरक्षा संबंधित खतरों से निजी कंपनियों को भी सुरक्षा देने का काम कर सकेगा। पहली बार सीआइएसएफ की वार्षिक रेजिंग डे परेड हैदराबाद के हाकिमपेट स्थित नेशनल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एकेडमी में हुई।

केरल में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका : त्रिशूर : शाह ने 'लाइफ मिशन' परियोजना में कथित भ्रष्टाचार को लेकर केरल की माकपा सरकार पर निशाना साधा और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से मामले पर चुप्पी तोड़ने को कहा। अगले वर्ष होने वाले लोस चुनाव के लिए राज्य में एक तरह से भाजपा के चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए शाह ने रैली को संबोधित किया।

हैदराबाद में रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के स्थापना दिवस पर गृहमंत्री अमित शाह ने परेड की सलामी ली ● प्रेट्र

शाह का वाशिंग पाउडर निरमा के पोस्टरों से स्वागत

शाह के हैदराबाद दौरे के मद्देनजर राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति ने उन पर तंज कसते हुए पोस्टर लगाए। निरमा पाउडर के विज्ञापन में जो लड़की नजर आती थी, उसी की फोटो पर ऐसे भाजपा नेताओं की तस्वीर लगी थीं जो अन्य दलों से भाजपा में आए हैं। पोस्टर के जरिये तंज कसा गया कि भाजपा में आने के बाद ये नेता पूरी तरह से साफ हो जाते हैं और उन पर सारे आरोप खत्म हो जाते हैं। पोस्टरों पर लिखा था वाशिंग पाउडर निरमा।

अरुणाचल में 15 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

ईटानगर, प्रेट्रः इस्टर्न नगा नेशनल गवर्नमेंट के 15 उग्रवादियों ने संगठन प्रमुख तोशाम मोसांग के साथ रविवार को अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बताया, पुलिस मुख्यालय में आयोजित घर वापसी समारोह के दौरान उग्रवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। समारोह में उप मुख्यमंत्री चोना मीन, राज्य के गृह मंत्री बामांग फेलिक्स के साथ असम राइफल्स के अधिकारी मौजूद रहे।

पाक को रास नहीं आ रही घाटी में शांति : डीजीपी

राज्य ब्यूरो, श्रीनगरः जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर में शांति रास नहीं आ रही है। राज्य के युवा अब पाकिस्तान व उसकी एजेंसियों के खेल को समझने लगे हैं। पहले जो युवा ग्रेनेड से खेलते थे, वे आज खेल गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। उनके हाथों में हथगोले के बजाय बल्ले-गेंद हैं। पुलिस महानिदेशक रविवार को श्रीनगर में बख्शी स्टेडियम में बीएन मलिक मेमोरियल आल इंडिया पुलिस फुटबाल चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

दिलबाग सिंह ने कहा कि पाकिस्तान न केवल नशीले पदार्थ, हथियार और गोला-बारूद भेज रहा है बल्कि आतंक फैलाने के लिए सीमा पार से भारी मात्रा में नकदी भेज आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।